Bharat Temples

एक तमन्ना दादी है मेरी दिल में बसा लूँ सूरत तेरी Bhajans Bhakti Songs

एक तमन्ना दादी है मेरी
दिल में बसा लूँ सूरत तेरी
हर पल उसी को निहारा करूँ
दादी दादी मुख से उचारा करूँ

रोज सवेरे उठ कर दादी
तुझको शीश नवाऊँ मैं
प्रेम भाव से भाँती भाँती का
नित श्रृंगार सजाऊँ मैं
हाथों से आरती उतारा करूँ
दादी दादी मुख से उचारा करूँ

इस तन से जो काम करू मैं
सब कुछ तुझको अर्पित हो
खाऊँ जो प्रसाद हो तेरा
पीऊं वो चरणामृत हो
आँखों से दर्शन तुम्हारा करूँ
दादी दादी मुख से उचारा करूँ

बिन्नू की विनती माँ तुमसे
इतनी किरपा कर देना
चरणो की सेवा मिल जाए
इससे बढ़कर क्या लेना
असुवन से इनको पखारा करूँ
दादी दादी मुख से उचारा करूँ

एक तमन्ना दादी है मेरी
दिल में बसा लूँ सूरत तेरी
हर पल उसी को निहारा करूँ
दादी दादी मुख से उचारा करूँ

Source: https://www.bharattemples.com/ek-tamanna-daadee-hai-meree/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw